आकाशगंगा सब्जी मार्केट में सड़क बाधा करने वाले 3 लोगों पर लगाया गया जुर्माना, निगम की टीम प्रातः 4 बजे से रहती है मौजूद

भिलाई नगर/ नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत आने वाले आकाशगंगा थोक सब्जी मार्केट मे आज प्रातः सड़क बाधा करने वाले सब्जी व्यवसायियों से जुर्माना वसूला गया! रोजाना प्रातः से निगम के अधिकारी एवं सुरक्षा कर्मी आकाश गंगा सब्जी मार्केट में व्यवस्था बनाने के तहत उपस्थित होते है, इस थोक सब्जी बाजार पर निगम की खासा निगरानी है सोशल डिस्टेंस मेंटेन कराने पूरी तरह से अधिकारी/कर्मचारी मुस्तैद है आने जाने वाले क्रेता एवं विक्रेताओं पर नजर है , उपायुक्त अशोक द्विवेदी एवं जोन आयुक्त अमिताभ शर्मा सहित राजस्व विभाग की टीम यहां पर सुबह से निगरानी रखने मौजूद रहती है! आज निरीक्षण के दौरान तीन ऐसे व्यवसायी जिन्होंने ट्रक जैसे वाहनों को बेतरतीब खड़ा कर सड़कबाधा कर रहे थे उनसे 6000 रुपए जुर्माना वसूला गया! इसके अतिरिक्त टीम द्वारा संजय नगर, सर्कस मैदान, स्मृति नगर, राधिका नगर, नेहरु नगर सहित लक्ष्मी मार्केट सुपेला का निरीक्षण किया गया, कुछ व्यवसायी अनावश्यक दुकान खुला करके रखे हुए थे जो टीम को देखते ही भाग खड़े हुए! आकाशगंगा सब्जी मार्केट में रंजीत सिंह से सड़क बाधा के रूप में 2000 रुपए, प्रेम कुमार जायसवाल से सड़क बाधा के रूप में 2000 रुपए तथा अभिषेक जायसवाल से भी सड़क बाधा के रूप में 2000 रुपए जुर्माना वसूला गया तथा सड़क बाधा न करने की समझाइश दी गई! इस सब्जी मंडी में खरीदारी करने आने वाले क्रेताओ के मास्क को भी देखा जा रहा है जो क्रेता मास्क नहीं पहन कर आ रहे हैं उन्हें हिदायत देकर मास्क पहने कहा जा रहा है! ऐसे कुछ लोगों को पुलिस एवं निगम प्रशासन ने उठक-बैठक भी कराई है!